दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 14 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-192

## शोपियां में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी, दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर(आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में शनिवार को घेराबंदी तथा तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आंतकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राइफल (आरआर), राज्य पुलिस के विशेष अभियान दल तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने संयुक्त रूप से शोपियां के गहंद गांव में आज घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों के जवान जब गांव में विशेष क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे तभी वहां छिपे आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें दो आतंकवादी मारे गये। फिलहाल सुरक्षाबलों ने आतंकियों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चला रखा है। सूत्रों ने बताया कि अंतिम सूचना मिलने तक मुठभेड़ जारी थी। किसी तरह के प्रदर्शन को रोकने के लिए मुठभेड़ वाले स्थल के नजदीक स्थित गांवों में भारी संख्या में सुरक्षा बलों के जवानों को तैनात किया गया है। सूत्रों ने बताया कि किसी तरह के अफवाह को फैलने से रोकने के लिए एहतियात इस क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवा को स्थगित कर दिया गया है।



## सेना की हुंकार, पाकिस्तान को उसी की जुबान में दिया जा रहा मुंहतोड़ जवाब

**राजौरी।** पाकिस्तान अपनी नापाक हरतों से बात नहीं आ रहा है। शांति का राग अलापने वाला हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान पिछले डेढ़ महीनों के दौरान 513 बार संघर्ष विराम का उल्लंघन कर चुका है। भारतीय जवान भी इसका मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। अगर पाकिस्तान गोलाबारूद की भाषा ही समझता है तो उसे उसी के लहजे में जवाब दिया जाएगा। भारतीय जवान भी किसी से कम नहीं है। यह बात लेफ्टिनेंट जनरल परमजीत सिंह ने शनिवार को जिला राजौरी में राजौरी दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की ओर से की जा रही गोलाबारी में पाक सैनिक बड़े हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय चौकियों के साथ जानबूझकर बड़े हथियारों का इस्तेमाल कर रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया जा रहा है। कई बार चेतावनी देने के बाद पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा है। ऐसे में भारतीय जवानों ने भी उसी की भाषा में जवाब देना शुरू कर दिया है।



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक और पिकअप वैन की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**सीवान(आरएनएस)।** बिहार में सीवान जिले के पचरूखी थाना क्षेत्र में परौली गांव के निकट सीवान-छपरा मुख्य मार्ग पर आज ट्रक और पिकअप वैन की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पिकअप वैन पर सवार लोग जा रहे थे तभी सीवान-छपरा मुख्य मार्ग पर ट्रक ने पिकअप वैन में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पिकअप वैन पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक वाहन सहित फरार हो गया। त्रों ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर निवासी लड्डू वर्मा (29) के रूप में की गयी है। घायल को बेहतर इलाज के लिये उत्तर प्रदेश के गोरखपुर भेजा गया है। शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

### राजधानी में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के आसार

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार की सुबह धूप खिलने के साथ न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो कि औसत से 1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारी ने कहा, आंशिक रूप से बादव छाए रहने के आसार हैं। विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं, जबकि सुबह 8.30 बजे आर्द्रता 49 प्रतिशत दर्ज की गई। शुक्रवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### अमिट स्याही लगी अंगुली दिखाओ, खरीदारी में मिलेगी 15 से 20 फीसद छूट

**रायपुर।** मतदान करने के लिए जागरूक करने का बीड़ा अब अब शहर के तमाम प्रतिष्ठित संस्थानों ने भी उठा लिया है। होटल, मॉल, पेट्रोल पंप, हॉस्पिटल संचालक वोट देने वालों को अंगुली की अमिट स्याही दिखाने पर 10 से 15 प्रतिशत तक डिस्काउंट देने की बात कर रहे हैं। मतदान के इस पर्व में ये अनोखा प्रयोग किया जा रहा है। होटल संचालकों ने स्वीप जिला नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह को बताया है कि हयात, बेबीलन प्राइवेट लिमिटेड, मैरियट, जोन बाय द पार्क, ग्रैंड इम्पीरिया, होटल वेंकटेश जैसे नामी होटलों 10 से 15 प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जाएगा।

#### निजी अस्पताओं में इलाज पर छूट

राजधानी के डॉक्टरों ने भी मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने का अनोखा प्रयोग किया है। निजी अस्पताओं ने मतदान करने और अंगुली की अमिट स्याही दिखाने पर मरीजों को इलाज में डिस्काउंट देने का बोर्ड भी लगा दिया है। इन अस्पतालों में एक है इंद्रावती कलोनी का डायबिटीज सेंटर।

### दुष्कर्म से बचने के लिए महिला ने खुद को बताया एचआईवी पॉजिटिव

**औरंगाबाद।** जमानत पर छूटे हत्या के एक आरोपी ने 29 साल की महिला से दुष्कर्म करने की कोशिश की लेकिन अपनी सूझबूझ से वह बच निकली। राजनगर के पास विधवा महिला के साथ गलत काम करना चाहा लेकिन महिला ने यह कह दिया कि वह एचआईवी पॉजिटिव है। वह संक्रमित न हो जाए इस डर से वह भाग गया लेकिन कुछ दिनों में ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

मुकुंदवाड़ी क्षेत्र में राजनगर का रहने वाला 22 साल का किशोर विलास को पहले अपने पिता की हत्या के जुर्म में गिरफ्तार किया गया था। 25 मार्च की रात को MIDC वालुज की रहने वाली महिला अपनी सात साल की बेटी के साथ शहर में कुछ खरीदारी करने आई थी। जब वह घर लौट रही है तब उसे ध्यान आया कि उसके पास केवल 10 रुपए है। उसने कोशिश की कि उसे ऑटो में शेयरिंग में सीट मिल जाए लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। तब वह शाहनोर्मिया दरगाह पर लिफ्ट मांगने के लिए बेटी के साथ खड़ी हो गई।

## ममता बनर्जी ने महागठबंधन से झाड़ा पल्ला, कही ये बड़ी बात

**सिलिगुड़ी।** लोकसभा चुनाव 2019 के लिए भाजपा के विरोध में बने महागठबंधन की दरार अब खाई का रूप लेती जा रही है। गठबंधन में शामिल तमाम पार्टियां पहले ही अपने भविष्य को लेकर सशंकित हैं। अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और गठबंधन की बड़ी नेता ममता बनर्जी ने एक विवादास्पद बयान दिया है।



पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनता से अपील की है कि वह लोकसभा चुनावों में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (ष्टक्क) को वोट न दें। साथ ही ममता बनर्जी ने लोगों से अपील की है कि वह कांग्रेस को भी अपना वोट देकर बर्बाद न करें।

उन्होंने रैली में मौजूद लोगों से कहा कि मैं पहले कांग्रेस में ही थी। वहां से परेशान होकर मैंने पार्टी छोड़ दी और तृणमूल पार्टी का गठन किया। इसके बाद से आप आज राज्य में हुए विकास के खुद गवाह हैं। ममता बनर्जी के इस बयान को गठबंधन में चुनाव से पहले ही फूट के तौर पर देखा जा रहा है।

## राष्ट्रपति कोविंद और प्रधानमंत्री मोदी ने जलियांवाला शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**नईदिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति कोविंद ने ट्वीट कर कहा आज से 100 साल पहले, हमारे प्यारे स्वतंत्रता सेनानियों को जलियांवाला बाग में शहीद कर दिया गया था। एक भयावह नरसंहार, सभ्यता पर एक दाग, बलिदान का वह दिन भारत कभी नहीं भूल सकता।

वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि भारत उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है जो उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन शहीद हुए थे। उनकी वीरता और बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। उनकी स्मृति हमें भारत के निर्माण के लिए और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है, जिस पर उन्हें गर्व होगा।

शनिवार को

### जलियांवाला बाग पहुंचे राहुल ने शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**अमृतसर(आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी जलियांवाला बाग कांड के सैकड़ों शहीदों को श्रद्धांजलि देने आज सुबह अमृतसर पहुंचे। राहुल ने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद दो मिनट का मौन भी किया। इस मौके पर उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह, मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू और अन्य बड़े नेता मौजूद थे। ज्ञात हो कि 13 अप्रैल, 1919 को ब्रिटिश सेना द्वारा नरसंहार किया गया था, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। राहुल शुक्रवार देर रात यहां पहुंचे थे। यहां पहुंचने के बाद, राहुल ने मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के साथ स्वर्ण मंदिर परिसर का दौरा किया, जहां उन्होंने मत्था टेका। 13 अप्रैल को नरसंहार की 100वीं वर्षगांठ है, जिसमें ब्रिगेडियर जनरल रेजिनाल्ड डायर के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों निहत्थे, निर्दोष भारतीयों पर गोलियां चलाईं, जो ब्रिटिश सरकार के दमनकारी रौलट अधिनियम के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे थे।



## मिसाइल खरीदने के लिए कई देशों ने भारत से संपर्क किया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत के पास डिफेंस क्षेत्र में निर्यातक बनने की क्षमता है। उन्होंने दावा किया कि कई देश भारत से संबंध स्थापित कर रक्षा उत्पादों को खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। रक्षा मंत्री के मुताबिक, भारत की मिसाइलों को कई देश अपने हथियारों के जखीरे में शामिल करना चाहते हैं।

सीतारमण का यह बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि भारत पारंपरिक तौर पर हथियारों का बड़ा आयातक है। अभी भी सेना को करीब 50त्न रक्षा खरीद के लिए विदेशी सरकारों और कंपनियों पर निर्भर रहना पड़ता है। विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन के एक इवेंट में रक्षा मंत्री ने कहा, हमारे इंटिग्रेटेड मिसाइल प्रोग्राम की दुनियाभर में बात होती है, क्योंकि इसके नतीजे हर किसी को पता हैं। मैं यह बताना चाहती हूं कि उत्पादकों के पास भारतीय सेना के अलावा भी एक बाजार मौजूद है।÷ उन्होंने बताया कि दुनिया को भारत की वॉरशिप और साधारण शिप बनाने की क्षमता का भी अंदाजा है। इसी लिए कई देश हमसे रक्षा उत्पाद बनाने में मदद मांग रहे हैं।



## अली-बजरंग बली विवाद में अब मायावती भी कूदीं

### योगी आदित्यनाथ ने दी सफाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव में अली और बजरंग बली पर राजनीतिक घमासान और तेज हो गया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी के फायर ब्रैंड नेता आजम खान के बाद अब मायावती भी इस विवाद में कूद पड़ी हैं। उधर, चुनाव आयोग को दिए अपने जवाब में सीएम योगी ने अपनी सफाई दी है। अपने जवाब में सीएम योगी ने कहा कि उनकी गलत मंशा नहीं थी और वह अब अपने बयानों में सतर्कता बरतेंगे।

मायावती ने शनिवार को रामनवमी पर दिए अपने संदेश में कहा, रामनवमी की देश और प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं तथा उनके जीवन में सुख और शान्ति की कुदरत से प्रार्थना। ऐसे समय में जब लोग श्रीराम के आदर्शों का स्मरण कर रहे हैं, तब चुनावी स्वार्थ हेतु बजरंग बली और अली का विवाद तथा टकराव पैदा करने वाली सत्ताधारी ताकतों से सावधान रहना है। मायावती का इशारा योगी आदित्यनाथ के


## नक्सल हमले में विधायक भीमा मंडावी की हत्या पर जांच की सियासत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधायक की नक्सली हमले में हत्या की जांच अब चुनावी मुद्दा बन गया है। बस्तर में मतदान के ठीक दो दिन पहले नक्सलियों ने दंतेवाड़ा सीट से भाजपा विधायक भीमा मंडावी की हत्या कर दी थी। भाजपा इसे राजनीतिक साजिश बता रही है। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व से लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व, यहां तक कि भाजपाध्यक्ष अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह भी इसकी सीबीआइ से जांच की मांग कर रहे हैं। वहीं, विपक्ष में रहते हुए नक्सली घटनाओं में राजनीतिक साजिश तलाशने वाली कांग्रेस इस बार अब तक खामोश थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को अचानक इस मामले में न्यायिक जांच का दांव खेल दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग यदि अनुमति दे तो सरकार इसकी न्यायिक जांच कराएंगे।



## अमित शाह ने कहा- चार पीढ़ी का हिसाब दें, फिर हमसे मांगे राहुल गांधी

**शाहजहांपुर।** लोकसभा चुनाव 2019 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की जनसभा में जमकर गरजने वाले पार्टी के अध्यक्ष अमित शाह आज बदायूं के बाद शाहजहांपुर में थे। शाहजहांपुर के रामलीला मैदान में पार्टी के प्रत्याशी अरुण कुमार सागर के पक्ष में चुनावी सभा में भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के निशाने पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा बसपा अध्यक्ष मायावती थे। शाहजहांपुर को वीरों की धरती बताकर अमित शाह ने भारत माता की जय के नारे लगवाये। युवाओं को जिगर का टुकड़ा बताकर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि काकोरी कांड की नींव यहां रखी गई और यह उर्वरा धरती भगवान परशुराम की जन्मभूमि है। अमित शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में मैं जहां-जहां भी गया वहां पर सिर्फ एक ही नारा है मोदी मोदी। इससे तो लगता है कि जनता ने तय कर लिया कि नरेंद्र मोदी को फिर पीएम बनाना है। जनता ने माना जो नारे देते थे उन्हें दिखाया गरीबी कैसे हटती है। उन्होंने कहा कि एक जमाना था गरीब बीमार हो जाता था तो इलाज नहीं कराता था। अब आयुष्मान योजना से सब संभव है। अब तो हर कोई चाहता मोदी प्रधानमंत्री बनें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी हर जगह पर सिर्फ पीएम मोदी की बुराई करते फिर रहे हैं। उनको चोर बता रहे हैं, लेकिन जनता हकीकत जानती है। राहुल गांधी तो हमसे हिसाब मांगते हैं। अरे आप चार पीढ़ी का हिसाब दो। यहां की जनता को हिसाब देंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गठबंधन पीएम मोदी के डर से बना है। अब तो उत्तर प्रदेश में बुआ भतीजा, अजित सिंह, राहुल सब एकत्र हैं। इसके बाद भी यह लोग कुछ नहीं कर सकते हैं। यूपी को बुआ भतीजा ने गुंडों के हवाले कर दिया था। इसके बाद यहां के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुंडों को उल्टा लटकाया। अब पलायन कराने वाले पलायन कर गए। यहां तो गुंडे थानेदार से रहम मांग रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव में बहनजी को डॉ. अम्बेडकर याद आते हैं। सरकार आने पर अपनी मूर्ति लगाती हैं। अम्बेडकर को पीएम मोदी ने सम्मान दिया।



## राम मंदिर मुद्दे पर हुई ऐसी बहस कि भिड़ गए जेडीयू नेता और भाजपाई



**नई दिल्ली।** बिहार में भाजपा और जदयू के बीच भले ही गठबंधन हो गया हो लेकिन जमीनी स्तर पर दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल देखने को नहीं मिल रहा है। इस क्रम में बिहार के हाजीपुर में राम मंदिर के मुद्दे पर शुक्रवार को ऐसी बहस हुई की भाजपा और जदयू के कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए। भाजपा कार्यकर्ता जदयू नेता के राम मंदिर को लेकर दिए गए बयान के बाद भड़क गए। सभा में जदयू नेता संजय वर्मा ने एक संयुक्त बैठक में कहा कि मंदिर मुद्दा प्रचार की मुख्य रणनीति में शामिल नहीं होना चाहिए। दोनों दल के कार्यकर्ता न सिर्फ मंच पर चढ़ गए बल्कि एक दूसरे पर टेबल व कुर्सियां भी फेंकने लगे। लोजपा उम्मीदवार ने कार्यकर्ताओं को शांत करने की कोशिश की।

हाजीपुर सीट एनडीए के दलों के बीच हुए समझौते के अंतर्गत राम विलास पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी के खाते में आई है। लोजपा ने इस सीट से पार्टी प्रमुख के छोटे भाई पशुपति कुमार पारस को उम्मीदवार बनाया है। पारस राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री भी है।